बिहार कृषि प्रबन्धन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), बिहार, पटना
आत्मा योजना अंतर्गत किसान पुरस्कार कार्यक्रम 2020-21 के लिए ऑन-लाईन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया

क. प्रथम चरण : किसान के पंजीकरण / निबंधन की प्रक्रिया

1. सर्वप्रथम www.bameti.org तथा www.krishi.bih.nic.in के पोर्टल पर जायें।
2. वैसे आवेदक जो कृषि विभाग के वेब पोर्टल पर 14 अंको की id के साथ पूर्व में निबन्धित है वे उसी id से अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। जो किसान पूर्व से कृषि विभाग के वेब पोर्टल पर निबन्धित नही है वे अंकित सूचना के साथ id जेनेरेट कर उसी id से अपना आवेदन भरें।
3. आत्मा योजना अंतर्गत किसान पुरस्कार कार्यक्रम 2020 लिंक पर आवेदन पत्र भरने हेतु क्लिक करें। क्लिक करने के बाद जो पेज Display होगा उसपर दिये गये निदेश को ध्यानपूर्वक पढें।
4. पंजीकरण / निबन्धन हेतु साईट पर उपलब्ध सभी सूचनाओं को भरें/अंकित करें।
5. Click to Generate Registration ID बटन पर क्लिक करें।
6. इसके बाद संबन्धित किसान के नाम से 14 अंको का एक पंजीकरण संख्या स्कीन पर सृजित होगा, जिसे नोट कर लें तथा सुरक्षित रखें।

ख. द्वितीय चरण : आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया

1. सर्वप्रथम पंजीकृत किसान पर क्लिक करें।
2. इसके बाद 14 अंको का पंजीकरण संख्या एवं अन्य सूचनाओं को भरें/अंकित करें।
3. Proceed to apply पर क्लिक करें।
4. आवेदन प्रपत्र का सृजन होगा जिसमें सभी सूचनाओं को अंकित करना अनिवार्य है। अगर किसी कॉलम में कोई सूचना नही है तो कॉलम के सामने 0 (शून्य) अंकित करें।
5. किसान के फोटो का स्कैन कॉपी 50KB तक JPG Format में अपलोड करें।
6. किसान के हस्ताक्षर का स्कैन कॉपी 30 KB तक JPG Format में अपलोड करें।
7. किसान के पहचान पत्र का स्कैन कॉपी 200KB तक JPG Format में अपलोड करें।
8. शपथपत्र पर क्लिक करें।
9. Print बटन पर क्लिक करने पर भरा हुआ आवेदन पत्र सृजित हो जायेगा जिसका प्रिंट ले सकतें हैं अथवा सुरक्षित रख सकतें हैं।

17/11/2020

निदेशक
बामेती, बिहार, पटना